सीएसआईआर-सीरी में 74वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित

प्रौद्योगिकी ई-कंपेंडियम का विमोचन, प्रौद्योगिकी उत्पादों का लोकार्पण एवं सहकर्मियों को सेवा सम्मान पत्र प्रदान

21 सितंबर, 2026 को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद(सीएसआईआर) की राष्ट्रीय प्रयोगशाला सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी ने अपना 74वाँ स्थापना दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया। समारोह में डॉ. सुधीर मिश्रा, पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, मुख्य अतिथि के रूप में तथा सीएसआईआर-सीरी के पूर्व निदेशक डॉ. चंद्रशेखर, वरिष्ठ इमेरिटस प्रोफेसर एवं सलाहकार, बिट्स-पिलानी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। समारोह में संस्थान के कार्मिक, उनके परिजन तथा सीएसआईआर-सीरी के पूर्व सहकर्मी भी सम्मिलित हुए।



दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण

प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा उपस्थित अतिथियों, सहकर्मियों एवं उनके परिजनों का औपचारिक स्वागत किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने संस्थान की अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी विकास संबंधी गतिविधियों तथा उपलब्धियों का उल्लेख किया और सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने संस्थान की उत्तरोत्र प्रगति की कामना करते हुए सभी सहकर्मियों को संस्थान के 74वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं।



स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन देते हुए
प्रोफेसर शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



मुख्य अतिथीय संबोधन देते हुए डॉ. सुधीर मिश्रा, पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक, ब्रह्मोस एयरोस्पेस

मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर मिश्रा ने अपने संबोधन में संस्थान की वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी संबंधी उपलब्धियों की सराहना की और अनुसंधान को उद्योग तथा समाज की आवश्यकताओं से जोड़ने के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने संस्थान के वैज्ञानिकों से अपने अनुभव साझा करते हुए विकसित भारत @ 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए सभी से एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया।



समारोह में संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्रशेखर

विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्रशेखर, वरिष्ठ इमेरिटस प्रोफेसर एवं सलाहकार, बिट्स-पिलानी तथा सीएसआईआर-सीरी के पूर्व निदेशक ने संस्थान की अनुसंधान परंपरा और वैज्ञानिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिकों एवं अन्य सभी सहकर्मियों की सराहना की। उन्होंने सभागार में उपस्थित संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मियों को 74वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं।



प्रौद्योगिकी संग्रह संबंधी ई-कंपेन्डियम विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं निदेशक, सीरी

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने प्रौद्योगिकी संग्रह के ई-कंपेंडियम तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण संबंधी कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

सहकर्मियों को सेवा सम्मान

इस अवसर पर सीएसआईआर-सीरी में 10, 20, 30 तथा 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा **'सेवा सम्मान पत्र'** प्रदान कर सम्मानित किया गया।


मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि से स्थापना दिवस सेवा सम्मान पत्र प्राप्त करते हुए सहकर्मी

उत्पादों का लोकार्पण

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा संस्थान की प्रौद्योगिकियों से जुड़े निम्नलिखित तीन उत्पादों का लोकार्पण किया गया :

1. **उत्पाद :** एमबीआरटी एनालाइजर

उद्योग : मेसर्स के आर इलेक्ट्रॉनिक्स, जयपुर

विकासकर्ता वैज्ञानिक : डॉ नवजोत कुमार एवं टीम



2. **उत्पाद :** आईओटी सक्षम रोगी मॉनीटरिंग प्लैटफॉर्म – मेडिसिंक

उद्योग : मेसर्स वर्टेक्स मेडिटेक, अलवर

विकासकर्ता वैज्ञानिक : डॉ सत्यम श्रीवास्तव एवं टीम



3. **उत्पाद :** दुग्ध मैस्टाइटिस संसूचन प्रणाली

उद्योग : मेसर्स नवशाली इनोवेशन्स प्रा. लि., करनाल

विकासकर्ता वैज्ञानिक : डॉ पी सी पंचारिया एवं डॉ नवजोत कुमार

तकनीकी जानकारी संबंधी करार का आदान-प्रदान

स्थापना दिवस समारोह में निम्नलिखित प्रौद्योगिकियों के लिए तकनीकी जानकारी का आदान-प्रदान किया गया :

1. प्रौद्योगिकी : विज़न एक्स 4के : 4के लैप्रोस्कोपी टॉवर फॉर मिनिमल इनवेसिव सर्जरी

उद्योग : मेसर्स हेल्थियम मेडिटेक लिमिटेड, बैंगलूरू

शोधकर्ता वैज्ञानिक : डॉ सत्यम श्रीवास्तव एवं टीम



2. प्रौद्योगिकी : आर एफ ट्यूब सीलर

उद्योग : मेसर्स रेमी इलेक्ट्रोटेक्नीक लि., पालघर

शोधकर्ता वैज्ञानिक : डॉ आशीष कुमार एवं टीम



3. **प्रौद्योगिकी :** एमबीआरटी एनालाइजर

उद्योग : मेसर्स राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेन्ट्स लिमिटेड, जयपुर

शो**धकर्ता वैज्ञानिक :** डॉ नवजोत कुमार एवं टीम



4. प्रौद्योगिकी : टेराहर्ट्ज़ ड्यूअल मोड अटेन्युएटर

उद्योग : मेसर्स टॉन्बो इमेजिंग इंडिया लि. बैंगलूरू

शोधकर्ता वैज्ञानिक : डॉ नीरज कुमार एवं टीम

समझौता ज्ञापन

समारोह के दौरान पाँच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान भी किया गया। विवरण इस प्रकार है :

1. विषय : कोलैबोरेशन ऑन जॉइंट रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेन्ट ऑफ सेंसर्स फॉर इंडस्ट्रियल गैस डिटेक्शन एप्लिकेशन्स

उद्योग : मेसर्स रेस्पो प्रोडक्ट्स, आगरा

शोधकर्ता वैज्ञानिक : डॉ पी सी पंचारिया एवं श्री प्रमोद तँवर



2. विषय : को-डेवलपमेन्ट ऑफ सेंसर्स एंड सेंसर सिस्टम्स, कवरिंग पैरामीटर्स सच ऐज़ टेम्परेचर, प्रेशर, फ्लो एंड अदर रेलेवेन्ट प्रोसेस वैरिएबल्स

उद्योग : मेसर्स वी फ्यूज़ मेटल 4 मैन्युफैक्चरिंग प्रा. लि., इंदौर

शोधकर्ता वैज्ञानिक : डॉ राहुल प्रजेश

3. विषय : कोलैबोरेशन इन द एरियाज़ ऑफ मैग्नेट्रॉन, बायो-मेडिकल डिवाइसेज़, डीसी माइक्रोग्रिड एंड अदर अलाइड टेक्नोलॉजीज़

उद्योग : मेसर्स एस एस मेडिकल सिस्टम्स (इंडिया) प्रा. लि.

शोधकर्ता वैज्ञानिक : डॉ नीरज कुमार

4. विषय : कोलैबोरेशन इन द एरियाज़ ऑफ सेमिकंडक्टर टेक्नोलॉजी

उद्योग : मेसर्स स्प्रिंटॉनिक्स ए आई सेमिकंडक्टर्स प्रा. लि., हैदराबाद

शोधकर्ता वैज्ञानिक : डॉ मनीष मैथ्यू



5. विषय : अकैडमिक कोलैबोरेशन

उद्योग/संस्थान : इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मोहाली

शोधकर्ता वैज्ञानिक : डॉ मनीष मैथ्यू



स्थापना दिवस समारोह का संचालन करते हुए डॉ विषांत एवं सुश्री माया

स्थापना दिवस समारोह का संचालन डॉ. विषांत, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक तथा सुश्री माया, तकनीशियन ने किया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया।



धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक




प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथिगण

प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी

स्थापना दिवस समारोह से पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्रशेखर ने प्रो. शांतनु भट्टाचार्य, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के साथ संस्थान में आयोजित प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान अतिथियों ने सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संस्थान की अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, तकनीकी नवाचारों तथा प्रौद्योगिकियों के औद्योगिक अनुप्रयोगों की संभावनाओं में रुचि व्यक्त की और वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना की।



सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते हुए कलाकार


सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सभागार में उपस्थित अतिथि एवं दर्शक

सांस्कृतिक संध्या

अतिथियों एवं सहकर्मियों के मनोरंजन के लिए दिनांक 21 सितंबर, 2026 की संध्या को मुख्य समारोह के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों का मनोरंजन किया।

इस प्रकार संस्थान ने अपना 74वाँ स्थापना दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया।
